कोलाटोला पेंदाकोड़ो निवासी लोमेश... पृष्ठ 2 | अवतरण व महाप्रयाण दिवस... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

बुधवार, 04 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 52, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## मोदी जी की गारंटी के अधिकांश वायदों को एक साल के भीतर ही किया पूरा : सीएम



**रायपुर।** हमारी 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की स्नेह राशि की दसवीं किश्त हमने आपके खाते में आज अंतरित कर दी है। हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुझे काम करने की शक्ति प्रदान करता है। हमारी माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक हमारा सबसे बड़ा संतोष है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले में लगभग 137 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के आग्रह पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम दानसरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की माताओं और बहनों ने सोचा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीरामलला का मंदिर बना है। हम भी गांव के हनुमान मंदिर के बगल में रामलला का मंदिर बनाएं। इन महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से मिली राशि से चंदा कर मंदिर निर्माण शुरू कर दिया। माताओं-बहनों के सपने देखने और इनके पूरे होने की कितनी ही कहानियां हैं। मैं अक्सर माताओं-बहनों से इस बारे में पूछता हूँ और हर बार उनकी बातें मेरे दिल को छू जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मैं रायपुर में पीएससी परीक्षा के टापर्स से मिला। उन युवाओं के आंखों में भरोसे की चमक थी। उन्होंने मुझे बताया कि पीएससी परीक्षा में गड़बड़ियां होने की वजह से उनका भरोसा टूट गया था लेकिन जब हमारी सरकार आई तब हमने पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता के लिए कार्य किया। प्रतियोगी परीक्षा में किये गये भ्रष्टाचार से एक प्रतिभाशाली युवा का भविष्य तो बर्बाद होता ही है सिविल सेवा के ढांचे को भी दीमक लग जाता है। भ्रष्टाचार की जांच के लिए हमने सीबीआई को जिम्मा दिया तो उनका भरोसा फिर लौटा। आज हमने 42 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भी भूमिपूजन किया है, जिससे पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को इससे काफी लाभ मिलेगा। हम प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में राजधानी रायपुर के नालंदा की तरह लाइब्रेरी आरंभ कर रहे हैं। यहां हजारों किताबों का संग्रह होगा। वाईफाई की सुविधा होगी। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को यहां स्टडी मटेरियल मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। हमने भी वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने विजन डाक्यूमेंट बनाया है। विजन डाक्यूमेंट में प्रदेश के तेजी से औद्योगीकरण पर सबसे ज्यादा जोर है। उद्योग धंधों के तेजी से विकास के लिए हमने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके चलते छत्तीसगढ़ में उद्यमियों को नये उद्यम आरंभ करने में बहुत सहूलियत होगी। औद्योगिक वातावरण को बेहतर करने के लिए कनेक्टिविटी सबसे पहली शर्त होती हैं। अगले दो साल में हमारे प्रदेश का रोड नेटवर्क किसी भी विकसित देश की बराबरी का होगा। सरगुजा और बस्तर को एयर कनेक्टिविटी मिल गई है। रेलवे में जिस तरह से अधोसंरचना का कार्य एक दशक में किया गया है उससे भविष्य में यात्रियों को तो सुविधा मिलेगी ही, मालभाड़े का आवागमन भी बेहद आसान हो जाएगा जो बिजनेस बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी धान खरीदी का समय है। हमारी सरकार ने किसानों की खुशहाली का भी पूरा ध्यान रखा है। हम लोग 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 एकड़ प्रति क्विंटल धान खरीद रहे हैं। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन रिकार्ड धान खरीदा था। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान का लक्ष्य है। हमारी सरकार के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। शपथ लेने के अगले दिन ही हमने 18 लाख आवासों को स्वीकृत किया था और तब से मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का सिलसिला अनवरत चलता आया और अब हमने मोदी जी की गारंटी के अधिकांश वायदों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। आज हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों को सम्मानित किया है, जिन्होंने अपने आवास का काम पूरा कर लिया है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि आज के दिन छत्तीसगढ़ में विष्णु के सुशासन की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ में मोदी की सभी गारंटी पूरी हो रही है। गांव और शहरों में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ जिले में नगरीय विकास के लिए 100 करोड़ रुपए को राशि जारी की गई है।

### भाजपा को जनादेश मिले एक साल हुआ पूरा, मुख्यमंत्री साय ने एक बार फिर जताया जनता का आभार

**रायपुर।** भाजपा को चुनाव में जनादेश मिले एक साल पूरा हो गया है. पिछले साल 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव की काउंटिंग हुई थी.



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज के दिन को जनादेश दिवस बताते हुए एक बार फिर छत्तीसगढ़ की जनता का आभार जताया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में लिखा है कि आज ही के दिन पिछले वर्ष 3 दिसम्बर का वह स्वर्णिम दिन था, जब आपने छत्तीसगढ़ के विकास, सुशासन और समृद्धि के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेकर भारतीय जनता पार्टी को आपने प्रचंड जनादेश दिया था. वह जीत वास्तव में आपके विश्वास की ही थी, सपनों और उम्मीदों की थी. उस प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद के लिए हम आप सभी के आभारी हैं. इसके साथ ही मुख्यमंत्री साय ने एक वर्ष में सरकार के किए काम का हवाला देते हुए कहा कि आपके विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं. हमने च्मोदी की गारंटीज् के सभी प्रमुख वादे प्राथमिकता से पूरे किये हैं. इससे हर वर्ग का विकास हुआ है,

प्रदेश में खुशहाली आई है. हमारी सरकार इसी निरंतरता को बनाए रखते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है. इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाया कि हमारी सुशासन की सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करेगी और प्रगति के सर्वोच्च प्रतिमान स्थापित करेगी.





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बांग्लादेश में धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक समुदाय विशेष कर हिंदू बौद्ध सिख जैन सभी परिवारों को प्रताड़ित कर हत्याएं की जा रही है इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज शनिदेव धाम परिवार एवं नगर की अन्य समिति एवं संस्थाएं महाकाल चौक में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई यह जानकारी शनिदेव धाम प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने दी।

## हाथ में झाड़ू लेकर पार्षद राजेश गुप्ता चंपू पहुंचे गगन आईच के वार्ड

### हाथ में झाड़ू लेकर पार्षद गगन आईच के वार्ड पहुंचे पार्षद राजेश गुप्ता चंपू, मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर के आसपास चलाया सफाई जागरूकता अभियान



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के वीआईपी वार्ड के नाम से जाने पहचाने जाने वार्ड नंबर 19 में, इंदिरा नगर वार्ड नं. 41 के पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा संकल्प की टीम ने चलाया सफाई जागरूकता अभियान।वहां के जागरूक नागरिकों ने बताया कि इस क्षेत्र की नवरात्रि पर्व के बाद से साफसफाई नहीं हुई है और मां पाताल भैरवी परिसर एवं नेशनल हाईवे से मंदिर पहुंच मार्ग तक सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है।जानकारी मिलने पर पार्षद राजेश गुप्ता चंपू आज दिनांक 2/12/2024 दिन सोमवार को स्वंय हाथ में झाड़ू लेकर दल- बल के साथ उक्त क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।गौरतलब हो कि पार्षद श्री चंपू द्वारा दो अक्टूबर24 गांधी जयंती के अवसर पर अपने वार्ड नंबर41 इंदिरा नगर सहित शहर के अन्य वार्डो में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया था।तब सेआज तक अपने स्वयं के खर्च पर सुबह चार घंटे एवं दोपहर चार घंटे निरंतर सफाई जागरूकता अभियान चलाएं हुए हैं।आज इसी कड़ी में वे शिकायत मिलने पर शहर के सिद्धपीठ प्रसिद्ध मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंचे और क्षेत्र में साफसफाई को अंजाम दिया।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अल्पकालीन रायपुर प्रवास कल, विशेष विमान से आगमन



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का कल, 4 दिसंबर को अल्पकालीन रायपुर प्रवास होगा। उनका आगमन विशेष विमान से प्रात: 11:00 बजे रायपुर विमानतल पर होगा, जहां सैकड़ों भक्त ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत करेंगे।

**श्री शंकराचार्य आश्रम में पूजन एवं आशीर्वाद समारोह -**

शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि विमानतल से शंकराचार्य जी सीधे बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम जाएंगे, जहां वे माता राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के दर्शन और पूजन करेंगे। आश्रम में अल्प विश्राम के पश्चात वे भक्तों को आशीर्वचन देंगे। इसके बाद स्वामी जी का कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से शगुन फार्म हाउस, फुल्हड़ में होगा, जहां वे विशेष रूप से आयोजित समारोह में शामिल होंगे।

**राज्य अतिथि का सम्मान एवं सुरक्षा व्यवस्था -**

छत्तीसगढ़ शासन ने उन्हें राज्य अतिथि का दर्जा दिया है। साथ ही मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार उन्हें Y श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। उनके इस प्रवास के लिए प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**अल्प प्रवास के बाद महाराष्ट्र प्रस्थान -**

समारोह के उपरांत शंकराचार्य महाराज दोपहर 2:00 बजे विशेष विमान से नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए प्रस्थान करेंगे।

क्तों में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है और शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### सात दिवसी एनएसएस शिविर का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सालीक झिटीया मे कमला कॉलेज राजनंदगांव के तत्वाधान में सात दिवसी एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि भारत वर्मा प्रदेश महामंत्री अध्यक्षता दिनेश साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू नवीन विद्यालय अर्जुनी के सभापति कमला कॉलेज के प्राचार्य हाई स्कूल के प्राचार्य पद्मलोचन साथ में धुर्वे मैडम साहू मैडम सरपंच रेशम साहू ग्राम के पटेल ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अणेश्वर ठाकुर मोहन साहू नीलकंठ साहू प्रेम उत्सव सुमन साहू महेश्वर अभिषेक एवं ग्राम के प्रमुख लोग उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर : विधानसभा अध्यक्ष

### विधानसभा अध्यक्ष ने ढाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की क्षेत्रवासियों को दी सौगात, विधानसभा अध्यक्ष ग्राम पार्रीखुर्द में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल










**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पार्रीखुर्द में 2 करोड़ 64 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 60 लाख रूपए के लोकार्पण एवं 1 करोड़ 4 लाख 60 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यहां जो भी विकास कार्य संपादित किए जा रहे हैं, वे सभी गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यहां निर्मित सामुदायिक भवन एवं नया ग्राम पंचायत भवन सुसज्जित एवं सुरूचिपूर्ण बना हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में 15 वर्षों तक राज्य की सेवा करने का अवसर मिला। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश एवं प्रदेश की जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जो देश के किसी अन्य राज्यों में सर्वाधिक है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ शासन की बागडोर श्री विष्णु देव साय के हाथ में है। उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर उन्नति के पथ पर बढ़ रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 60 लाख रूपए के लोकार्पण एवं 1 करोड़ 4 लाख 60 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। लोकार्पण किए गए कार्यों में 80 लाख रूपए के आंगनबाड़ी से मुक्तिधाम पहुंच मार्ग तक सीसी रोड, 26 लाख 63 हजार रूपए के सामुदायिक भवन निर्माण, 18 लाख 54 हजार रूपए के नवीन ग्राम पंचायत भवन, 4 लाख रूपए सामुदायिक भवन, 3 लाख रूपए के रंगमंच निर्माण, 7 लाख 25 हजार रूपए के मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय रोड निर्माण, 5 लाख रूपए के मैदान कांक्रीटीकरण पंचायत के पास, 5 लाख रूपए के शीतला मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण, 5 लाख रूपए के आंतरिक विद्युतीकरण कुसमी ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, 5 लाख रूपए के सोलर लाईट, 2 लाख 50 हजार रूपए के पाईप लाईन विस्तार शामिल हैं। इसी तरह भूमिपूजन कार्य में 60 लाख रूपए के सीसी रोड निर्माण, 19 लाख 45 हजार रूपए के हाट बाजार विकास कार्य, 4 लाख 50 हजार रूपए के निर्मलाघाट व टो वॉल निर्माण, 4 लाख रूपए के सामुदायिक शौचालय, 10 लाख रूपए के सामुदायिक क्षेत्र संरक्षण, संवर्धन एवं सौन्दर्यकरण कार्य, 1 लाख रूपए के व्यवसायिक परिसर के सामने शेड निर्माण, 5 लाख 81 हजार रूपए के नाली निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम में 3 महिला स्वसहायता समूह को 6-6 लाख रूपए के ऋण चेक प्रदान किया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द के सरपंच श्री बुधेश्वर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति श्री खूबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्री प्रतिक्षा भण्डारी, श्री भरत वर्मा, श्री संतोष अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द के सरपंच श्री बुधेश्वर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर श्री खूबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्री प्रतिक्षा भण्डारी, श्री भरत वर्मा, श्री संतोष अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

nandgaon times dec-04-3.qxd 12/3/2024 11:57 PM Page 2



## डुमरडीहकला में श्रीमद् देवी भागवत, देवी की महिमा का कथावाचक आचार्य युवराज पाण्डेय ने किया वर्णन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डुमरडीहकला श्रीमद् देवी भागवत दूसरा दिन देवी की महिमा का कथावाचक आचार्य युवराज पाण्डेय ने वर्णन किया। यज्ञ पश्चात 1 बजे से कथा प्रारभं किये, जहां श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने व माता के महिमा का वर्णन किये।कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने कहा कि जो व्यक्ति नि:स्वार्थ भाव से कथा सुनते है, उनके ऊपर माता की कृपा बनी रहती है। अपने कथा में कहा कि भगवान को मांगों मत मानो, सारी दुनिया को देखने वाले आपको भी देख रहे है कब हमें क्या चाहिए, भगवान को पता है सही समय पर वो सब आपको देंगे, जिनकी जरूरत आपको है। कलयुग में महामंत्र को सार बताये है। दूसरे दिवस पर कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने शिव-नारद संवाद, सृष्टि निरुपम, मधु कैटभ की कथा श्रोताओं को सुना। संगीतमय भक्तिमय श्रीमद् देवी भागवत सुनने आसपास के धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## मनेरी में राज्य स्तरीय फूटबाल प्रतियोगिता 22 दिसंबर से



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव से 5 किलोमीटर दुरी पर स्थित ग्राम मनेरी में न्यू सदभावना खेल एवम युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक राज्य स्तरीय फूटबाल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के आलावा मध्यप्रदेश , महाराष्ट्र, उड़ीसा , झारखण्ड की टीमे हिस्सा लेगी इस वर्ष नासिक नाइजीरिया के पुरे 15 खिलाडी ग्राम मनेरी में पहुचने वाले है जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने के मिल रहा है आयोजन समिति के नोहर साहू ने बताया है कि ग्राम मनेरी में फूटबाल का आयोजन 1990 से किया जा रहा है जिसे गाँव के विभिन्न टीमो के द्वारा आयोजित किया जाता रहा है एवम आयोजक टीम न्यू सदभावना खेल एवम युवा कल्याण समिति के द्वारा पिछले 15 वर्षो से लगातार इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराते आ रहा है प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 31000 रु नगद एवम ट्राफी , द्वितीय पुरस्कार 21000 रु नगद एवम ट्राफी दिया जायेगा साथ ही 100 किलोमीटर से अधिक दुरी से आने वाले टीमो के रुकने एवम भोजन की व्यवस्था रखी गई है तथा उनके जाने के लिए मार्ग व्यय आयेजन समिति द्वारा दिया जाएगा।

## बाल मेला के अवसर पर शा प्राथमिक शाला पथरी ग्रामवासी एकजुट होकर बच्चों का उत्साह वर्धन को बढ़ाया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बाल मेला के अवसर पर ग्राम पंचायत पांगरी खुर्द के आश्रित ग्राम पथरी के प्राथमिक शाला में दिनांक 30नवम्बर 2024 को बाल दिवस का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे श्री भोलाराम साहू विधायक खुज्जी विधानसभा , अध्यक्ष - श्रीमती अंजलि धावड़े ( सरपंच ) श्री हरीश कुमार सोनी ( प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल साल्हे) एवं गांव की महिला समूह के महिलाओं का भी विशेष योगदान मिला । इस बाल दिवस में श्री भोलाराम साहू विधायक के द्वारा बच्चों तथा ग्राम वासियों को बाल दिवस के महत्ता तथा लोगों को बाल दिवस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही शाला प्राचार्य की उत्कृष्ट आयोजन को देखकर प्राचार्य की प्रशंसा करते हुए बताए प्रधान पाठक राजकुमार ठाकुर जिस भी स्कूल में गए वहां बच्चों और ग्राम वासियों को एकजुट कर बच्चों की शिक्षा को और भी निखारने का प्रयास किए पढ़ाई के साथ साथ माता पिता का स्पोर्ट मिलने से बच्चों के लिए पढ़ाई आसान हो जाती है ।

**शुभांक**

**1-5-7**

**337-3 347-4**

**भाग्यांक**

**156-2 390-2**


अधिकारों का भान कराए,
कानून सम्मत न्याय दिलाए।

जिसके शब्दों का खेल चले,
तब ही पक्षों को न्याय मिले।

गजेन्द्र बख्शी
अधिवक्ता राजनांदगांव


## कोलाटोला पेंदाकोड़ो निवासी लोमेश मण्डावी के नायब तहसीलदार के पद में चयन होने पर वनांचल में हर्ष व्याप्त

### प्रथम प्रयास में नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने पर शुभचिंतकों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नव गठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले के वनांचल के ग्राम कोलाटोला ज्पेंदाकोड़ोज् निवासी श्री लोमेश मण्डावी के अभी हाल में ही छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने पर संपूर्ण वनाचंल में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि श्री लोमेश मण्डावी अपने प्रथम प्रयास में ही 22 साल की उम्र में इस पद पर चयनित हुए हैं। श्री लोमेश मण्डावी के पिता श्री विनोद मण्डावी वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकादाह विकासखण्ड मोहला में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। उल्लेखनीय है कि आस से कुछ वर्ष पहले तक ग्राम टोला की पहचान वनांचल के दुर्गम, अत्यंत पिछड़ा एवं पहुंचविहीन गांव के रूप में था। आज भी ग्राम कोलाटोला घनघोर जंगलों एवं पहाड़ों से घिरा हुआ है। उनके पिता श्री मनोज मण्डावी अपने गांवों में पहले मेट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले तथा शासकीय सेवा में चयनित होने वाले व्यक्ति थे। उनके पिता भी घोर गरीबी और विपरित आर्थिक हालातों का सामना करते हुए बचपने में अपने माता के निधन होने के उपरांत भी शिक्षा अर्जन कर शिक्षक के पद पर चयनित हुए थे। अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए श्री लोमेश मण्डावी ने भी कठिन परिश्रम एवं लगन से आज प्रथम प्रयास में ही इस मुकाम को हासिल किया है। लोमेश मण्डावी ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय में रहकर किया है। इसके पश्चात् उन्होंने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में स्नातक बीए की पढ़ाई सत्र 2021-22 में पूरी करने के पश्चात् राज्य लोक सेवा आयोग की तैयारी में जुट गए थे। श्री लोमेश मण्डावी प्रथम प्रयास में ही राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए हैं। उनके इस सफलता पर संपूर्ण वनांचल सहित मोहला-मानपुर जिले में हर्ष व्याप्त है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी माता



श्रीमती पूनीता मण्डावी, नाना श्री पंचम श्री परतेती सहित गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र नेताम, संरक्षक श्री हीरेसिंह घावड़े, सुरेश दुग्गा, गोंविद टेकाम, जगत सलामे, श्री तुकाराम कोर्राम, डीआर आचला, तिलक सोरी, श्री चंद्रेश ठाकुर, तुलसीराम मरकाम, श्री अंगद सलामे, लखन सोरी, कुमार कोरेटी, पुरूषोत्तम मण्डावी, अरविंद गोटे, श्री संत कुमार नेताम, चेतन भुआर्य, मन्ने सिंह मण्डावी, शिव कलामे, जागेश्वरी मण्डावी, भूपेन्द्र मण्डावी पीआर नायक सहित सभी समाज प्रमुखों अंचल के लोगों ने बधाई एवं शुभकमानाएं दी है।

## श्रमिक संपर्क पखवाड़े को मजदूरों का व्यापक समर्थन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना का 70 वें वर्षगांठ पर सालभर विभिन्न स्तरों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये है, इसके सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव श्रमिक संपर्क पखवाड़े को लेकर जिले के संगठनकर्ताओं में व्यापक उत्साह है, प्रतिदिन भामसं कार्यकर्ताओं की अनेक टोलियॉ जिले व समीपवर्ती जिले में मजदूरों से जगह-जगह उनके कार्यस्थल पर जाकर संपर्क कर रहे है, इस दौरान भामसं कार्यकर्ता भारतीय मजदूर संघ के इतिहास से लेकर संघर्ष तक की पटकथा का पत्रक मजदूरों के मध्य वितरित कर रहे है। भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि पिछले तीन दिनों में भामसं कार्यकर्ताओं ने छुरिया विकासखंड के अनेक ग्रामों समीपवर्ती खैरागढ़ जिले के गिट्टी खदान बहुल ठेलकाडीह में व मोहला जिले के गैंदाटोला व रेंगाकठेरा सेक्टर में मजदूरों के बीच व्यापक जनसंपर्क किया व कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रहित, उद्योगहित व मजदूरहित के विचारों से ओत-प्रोत होकर मजदूर क्षेत्र में काम करता है। भारतीय मजदूर संघ ट्रेड यूनियन आंदोलन को एक नयी सोच व दिशा दी है, अपने प्रारंभिक कार्यकाल में भामसं के लोग जब भारतमाता की जय का नारा लगाते थे तो वामपंथी ट्रेड यूनियने इसका मजाक बनाया करते थे, किन्तु कालान्तर में भारतामाता की जय का उद्घोष ट्रेड यूनियन आंदोलन का अमोघ शस्त्र बन गया है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को दिलाये गये अधिकार की चर्चा करते हुये भामसं नेताओं ने आगे कहा कि देश के असंगठित क्षेत्र में निर्माण मजदूरों की बहुत बड़ी संख्या है, किन्तु इस वर्ग के लोगों को काम के बदले उचित दाम तो मिलता ही नहीं था और न ही इनके सामाजिक सुरक्षा की कोई समुचित व्यवस्था थी, किन्तु भामसं ने संघर्ष करके इस वर्ग के लोगों के लिये कानून ही नही बनवाया बल्कि वेलफेयर बोर्ड हर राज्यों में स्थापित कर इस वर्ग के लोगों के साथ एक बड़ा न्याय किया। आज देश के करोड़ो मजदूर दर्जनों सामाजिक सुरक्षा की योजना का लाभ उठा रहे है। इसी प्रकार असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत् हमाल, सफाईकर्मी, नाई, धोबी, मोची, परम्परागत व्यवासय में जुटे ग्रामीण व शहरी मजदूरों के हितार्थ भी कोई योजना नही थी किन्तु भामसं के संघर्ष ने इन वर्गो के साथ तमाम गृह व कुटीर उद्योगों में खेतो में काम करने वाले मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा की परिधि में लाया है। इस दौरान प्रमुख रूप से भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, अल्का बारसागढ़े, धनेश्वरी साहू, भारती शर्मा, हेमंत साहू, चेतन साहू, पुनाराम वर्मा, चन्द्रशेखर, गोविन्द साहू, विश्राम, केशवराम सिन्हा, ठाकुरराम सहित बड़ी संख्या में खैरागढ़ व मोहला सहित राजनांदगांव जिले के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व एड्स सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग) प्राचार्य डॉक्टर किरण लता दामले मैम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षी सर एवं इकाई 2 के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर करुणा रावटे मैम के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा आज दिनांक 02/12/2024 को 1 दिसंबर(एड्स जागरूकता सप्ताह 1 दिसंबर से 7 ) के अंतर्गत एड्स दिवस तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। और साथ ही साथ रंगोली, क्विज, पोस्टर, PPT Presentation, भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम एड्स को ख़त्म कर सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब हम मिलकर काम करें। कलंक को तोड़ो, कहानी बदलो। आशा, कार्रवाई और जागरूकता एक स्वस्थ भविष्य की ओर ले जाती है। एड्स को समाप्त करने के लिए जागरूकता पहला कदम है - आइये इस संदेश को फैलाएं। इसी संदेशों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने धान संग्रहण केन्द्र दामरी घोटिया, ठेलकाडीह और मंदरा कोही का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संग्रहण केन्द्रों में बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संग्रहण केन्द्रों में भंडराण की स्थिति सहित अन्य विषयों की जानकारी। जिस पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि धान का संग्रहण केन्द्र मदुराकोही और दामरी घोटिया में भंडराण शुरू हो गया है। दोनों केन्द्रों में क्रमश: 5000 क्विंटल व 12000 क्विंटल धान का भंडराण किया जा चुका है। जबकि ठेलकाडीह में धान संग्रहण करने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गई है। यहां भी जल्द ही धान का भंडारण करने की जानकारी दी। कलेक्टर वर्मा ने जिले के तीनों ही धान संग्रहण केन्द्रों को बेहतरी से उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहण केन्द्रों में अधिक से अधिक धान का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किए। वही संग्रहण केन्द्रों में ड्रेनेज, कैपिंग, स्केटिंग, बाउंड्री का फेंसिंग, चौकीदारों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने भी निर्देशित किए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे समितियों से धान का उठाव करें, जहां खरीदी के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। ताकि उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो। साथ ही भंडारित होने वाले धान की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहकारी संस्था खैरागढ़ सहायक पंजीयक रघुराज ठाकुर और जिला विपणन अधिकारी चन्द्रपाल दीवान भी उपस्थित थे।

## सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर हेतु छत्तीसगढ़ की, मम्तेश्वरी लहरे का चयन

### स्टार खिलाड़ियो के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेगी मम्तेश्वरी लहरे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाडी कु.मम्तेश्वरी लहरे का चयन सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 05 से 20 दिसंबर 2024 तक साई सेन्टर बैंगलोर में आयोजित है। इस प्रशिक्षण शिविर में सीनियर महिला इंडिया टीम के सभी जाने माने खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमे लगभग 35 खिलाड़ियों का चयन उक्त प्रशिक्षण हेतु किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे का चयन उक्त प्रशिक्षण शिविर हेतु विगत दिनो आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 30 अक्टूबर से 10 नवम्बर 2024 स्थान रॉची (झारखण्ड) में उनके उत्कृष्ठ खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे वर्तमान में स्पोटर्स अकादमी रायपुर में प्रशिक्षणरत है। इसके पूर्व लगभग 3 वर्ष तक स्टेट एक्सलेंसी बिलासपुर में प्रशिक्षणरत थी। मम्तेश्वरी लहरे के इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह ,महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु पूर्व राजगामी अध्यक्ष रमेश पटेल छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धीन सोलंकी नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलम चंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव,महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटीया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी,श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, (छ.ग.)

मुद्रण कार्य के लिए द्वितीय निविदा सूचना क्रमांक/27.6./स्था. निर्वा./न.पा./2024

दिनांक 02/12/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 17.12.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन उपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।

3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई वास्ते
सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
छत्तीसगढ़

जी - 242504292/1

## जय कुमार सलामे वायुसेना ट्रांलेटर अधिकारी बने



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम चिखलकसा माहुद मचानदुर निवासी जय कुमार ह्वसलामे पिता जेठा लाल सलामे का चयन - भारत सरकार के वायुसेना मुख्यालय मे ट्ांसलेटर ऑफिसर पद पर चयन हुआ है ग्रामीण अंचल में जय कुमार ने शिक्षा - कक्षा पहली से पाँचवी अपने निज ग्राम चिखलाकसा छठवीं से बारहवीं तक जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ उच्च शिक्षा - गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग एवं डिप्लोमा इग्नू दिल्ली मे किया है जय कुमार के पिता जेठा लाल और माता बीना सलामे ने शुरू से गांव में रहकर कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं उनके छोटे भाई अजय कुमार सलामे ने कृषि कार्य मे पिता का हाथ बढ़ाते हुए अपने बड़े भाई को उनकी योग्यता को देखते हुए हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी इनके चाचा स्वर्गीय गुलजारी सलामे जो अपने परिवार के पहली सरकारी नौकरी करने वाले व्यक्ति थे जिन्होंने शुरू से ही पढ़ाई लिखाई पर जय कुमार को प्रोत्साहित किया,इनकी माता स्वर्गीय बीना सलामे का सपना था जो अपने पुत्र को सरकारी नौकरी करते देखना चाहती थी पढ़ाई पूर्ण करने के बाद उनके बड़े भाई देवेंद्र सलामे जो वर्तमान मे वन विभाग मे कार्यरत हैं उन्होंने हमेशा उन्हें सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए हमेशा उचित मार्गदर्शन एवं प्रेरित करते रहे द्य जय कुमार ने आदिवासी समाज और गांव तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है जय कुमार क्षेत्र और गांव पहला अफसर बना है जो सलामे परिवार और गांव में खुशियों का माहौल बना है, इस मुकाम पर पहुंचने का पूरा श्रेय जय कुमार सलामे ने अपने माता- पिता को दिया है।

### न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव ( छ0ग0 )

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700003 अ-6 वर्ष 2024-25

-:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कंवर डेवलपर्स पार्टनर नरेश मोटलानी आ. शंकरलाल मोटलानी, निवासी-लालबाग सिंधी कॉलोनी, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला जमातपारा स्थित शीट क्रमांक 36 सी, भूखण्ड क्रमांक-102, क्षेत्रफल 1827.00 वर्गमीटर जो धारकगण मेसर्स मनसुखलाल जी प्रागजी भाई कम्पनी मैनेजिंग पार्टनर धीरेन्द्र कुमार, हरीश कुमार दोनों आ. मनसुख लाल रायचा, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 371.74 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 19.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, नजूल जाँच, राजनांदगाँव

### न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव ( छ0ग0 )

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700002 अ-6 वर्ष 2024-25

:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कंवर डेवलपर्स पार्टनर पवन लहरवानी आ. जगतराम लहरवानी, निवासी वार्ड नं. 40, ग्रीन सिटी कॉलोनी, डोगरगांव रोड, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला जमातपारा स्थित शीट क्रमांक 36 सी, भूखण्ड क्रमांक-102, क्षेत्रफल 1827.00 वर्गमीटर जो धारकगण मेसर्स मनसुखलाल जी प्रागजी भाई कम्पनी मैनेजिंग पार्टनर धीरेन्द्र कुमार, हरीश कुमार दोनों आ. मनसुख लाल रायचा, निवासी दीवानपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त 291-174 मी आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 627.323 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 19.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, नजूल जाँच, राजनांदगाँव

### न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव ( छ0ग0 )

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700001 अ-6 वर्ष 2024-25

:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद लेखवानी आ. श्यामलाल लेखवानी, निवासी-लालबाग, तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला हमालपारा स्थित शीट क्रमांक 47 डी, भूखण्ड क्रमांक-12/1, क्षेत्रफल 23.75 वर्गमीटर जो धारक मंशाराम मोटलानी आ. सगुनामल मोटलानी, निवासी-राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 19.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, नजूल जाँच, राजनांदगाँव

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र0क्र 202411091000028 अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम अर्जुनी, प.ह.नं. 32, रा.नि.मंडल अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका स्मिता लोढ़ा ध.प. श्री ललित लोढ़ा, निवासी मेन रोड डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम अर्जुनी, प.ह.नं. 32, तहसील डोंगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 15000 /1 रकबा 0.024 हेक्टेयर में से 0.016 हेक्टेयर को आवासीय प्रयोजन एवं 0.008 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 13/12/2024 को नियत है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 13/12/2024 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक 29/11/2024**
**सुनवाई दिनांक - 13/12/2024**

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव

nandgaon times dec-04-3.qxd 12/3/2024 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) भूपर्पटी में बहुतायत में पाया जाने वाला रासायनिक तत्व कौन सा है?*
*2) तैमुजिन नाम का मंगोल आक्रमणकारी इतिहास में किस नाम से प्रसिद्ध है?*
*3) तारकुंडे समिति तथा गोस्वामी समिति का संबंध किससे है?*
*4) बृजमोहन बिड़ला मेमोरियल कप किस खेल से संबंधित है?*
*5) प्लान्ड इकोनॉमी फॉर इंडिया (1934) नामक पुस्तक का लेखक कौन था?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ऑक्सीजन (2) चंगेज खाँ (3) चुनाव व्यवस्था में आमूल सुधार से (4) पोलो (5) एम. विश्वेश्वरय्या

# अवतरण व महाप्रयाण दिवस पर याद किए गए भाई राजीव दीक्षित जी

**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** हम सबको अपनी दैनंदिनी में अपना स्वराष्ट्र के गौरवशाली कार्य-व्यवहार को अपने आचरण में लाने को अपनी प्राथमिकी बनानी होगी। इससे जहां एक ओर हम अपने स्वास्थ्य की समुचित देखभाल कर पावेंगे, वहीं दूसरी ओर हम अपने राष्ट्र को भी स्वावलंबी बनाने की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे। राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा तुलसीपुर मार्ग स्थित लेबर कालोनी के सामुदायिक भवन में स्वदेशी के प्रखर व मुखर वक्ता भाई राजीव दीक्षित जी के अवतरण दिवस व महाप्रयाण दिवस 30 नवंबर, स्वदेशी दिवस के अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि की आसंदी से सभागृह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्र की ख्यातिलब्ध व्यक्तित्व डा. सूसन राज ने पाप और पुण्य शब्द की व्याख्या करते हुए आगे कहा कि हमारे पूर्वज ऋषि वैज्ञानिक, गुरू, शिक्षक एवं मुनिगण स्वास्थ्य से समृद्धि प्राप्त करके आनंदित होकर जीवन जीने का मंत्र पहले ही लिखकर, याद रखने के लिए संक्षिप्तीकरण करके इन्हें रीति-रिवाज एवं त्योहारों द्वारा विस्तृत करके कृति में लाने की पूरी व्यवस्था कर दिए थे। संक्षिप्त इस प्रकार किया और सभी भारतीय इनसे परिचित भी है यह है भगवान की पूजा से पुण्य होगा अपूजा से पाप, विस्तृत जानकारी यह है-भ-भूमि, ग-गगन, व-वायु, अ-अग्नि, न-नीर की पू-पूर्ण, ज-जिम्मेदारी, पू-पूर्ण, न-न्याय, नि-निष्पक्ष, य-योजना से होगी, जहां पूर्ण न्याय निष्पक्ष योजना से होती है, वहां शुभ और लाभ होता है। जहां शुभ है वहां स्वस्थ है और जहां लाभ है वहां समृद्धि है। बिना स्वास्थ्य के समृद्धि प्राप्त करने से



स्वास्थ्य को प्राप्त करने के लिए समृद्धि को खोना पड़ता है। कोशिकाओं के सभी छ: विषमुक्तिकरण को उन्मुक्त बनाए रखने के लिए किसानी ही एक कार्य है जिसे केंद्र बनाने से ही आर्थिक विकास हो सकता हैं। परन्तु, अपूजा अर्थात अपूर्ण जिम्मेदारी से आधा सच आधा सही या आधा अच्छा होता है, जिससे पाप होता हैए पाप का विस्तृतिकरण है। प-पाखंड, अ-अन्याय, प-पक्षपात, जहां पाखंड है वहां अन्याय और पक्षपात होता ही है, जिससे, इस्तेमाल कर और फैंक स्वभाव बनता है। व्यक्ति को इस्तेमाल कर फेंकने से गरीबी, अनाथों, वेश्यावृत्ति और अपराधी दुनिया बन जाती है, जो मनमुटाव पैदा करती है और लड़ाई से युद्ध और विश्वयुद्ध करवाती है। वस्तु को इस्तेमाल कर फेंकने से भूमि, जल और वायु प्रदूषित हो जाती है और भोजन, हवा पानी से विष के अणु कोशिकाओं मे प्रवेश करती है, और बीमारी पैदा करती है। इस तरह बीमारी और लड़ाई से लोग मरने लगते है। पाप अर्थात पाखंड से आए अन्याय और पक्षपात ने कुदर्शन चक्र के द्वारा मानव जगत को बीमारी और लड़ाई के चक्रव्यूह में फंसा कर रखा है। इससे बाहर निकलने का एक ही मार्ग है, वह है। भगवान की पूजा सही अर्थ में हो, इसे ही श्री राजीव दीक्षित जी अपने ही स्टाइल में कह कर गए है। विशिष्ट वक्ता पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा ने अपने उद्बोधन में बेहद ही सरल, सहज व सुबोध व्याख्यान में बताया कि हमारे महान राष्ट्र भारतवर्ष में स्वदेशी बगैर सिला हुआ सादा सा अधोवस्त्र धोती को कम से कम अट्ठारह प्रकार से पहना जाता है। इसी प्रकार से हमारी भारतीय माता-बहिनों के द्वारा पहनी जाने वाली साड़ी को भी समूचे राष्ट्र भर में पंद्रह से भी अधिक प्रकार से पहनी जाती है, और यह हमारे समृद्ध भारतीय पहनावा को गौरवान्वित करता है, जबकि एक सिले हुए वस्त्र को हम केवल एक ही तरह से पहनते हैं। साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव के पत्रकार रवि मुदिराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास की अंधी होड़ के इस वर्तमान दौर में देश के बालक बालिकाओं, छात्र-छात्राओं, ऊर्जा से भरपूर युवा-धन सहित समस्त महिलाओं और पुरुषों को मोबाईल और टेलीविजन के विलासितापूर्ण उपभोग की प्रवृत्ति से दूर रहना होगा, जिससे कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहा जा सके।हमारे राष्ट्र की अपनी स्वदेशी जीवन व्यवस्था में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दू युवा सेना के जिला अध्यक्ष व योग-गुरू किशोर माहेश्वरी व योग प्रशिक्षक धीरज द्विवेदी ने कहा कि समाज हित में जितनी भी बातें कही जा सकती थीं, वह सब पूर्व में कही जा चुकी हैं तथापि अब यह वह समय है, जबकि हम सभी को वह बातें अपने अपने आचरण में ढालनी होंगी। क्रियान्वयन में लाना अपेक्षित होगा। योग क्रिया हमारे शरीर का शोधन करके हमें स्वस्थ्य रखती है।अध्यक्षीय उद्बोधन में मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनंदकुमार श्रीवास्तव ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अतिथिगणों का परिचय कराया गया तथा भाई राजीव दीक्षित जी का जीवन परिचय, उनके कार्यों, राष्ट्र जागरण की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया गया। सभा में उपस्थित जनसमूह के मध्य से आए सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान भी वक्ताओं के द्वारा किया गया।

## स्व. पं. गिरीश शुक्ला को जिला हॉकी संघ परिवार द्वारा श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के निर्माता पंडित किशोरीलाल शुक्ला के सुपुत्र, शहर के वरिष्ठ हॉकी खिलाडी व जिला हॉकी संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. गिरीश शुक्ला जी के अकास्मिक निधन पर जिला हॉकी संघ परिवार राजनांदगांव ने गौरव पथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक शोकसभा आयोजित कर स्वर्गीय पं.गिरीश शुक्ला को हॉकी के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हे श्रधांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना कि। छत्तीसगढ़ एवं जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अन्सारी ने स्व शुक्ला को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नगर में हॉकी नर्सरी में स्व शुक्ला का हॉकी के प्रति अविस्मरणीय योगदान रहा है, चाहे अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता हो या स्थानीय हॉकी क्लब के संचालन हो हर छेत्र में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई, तथा उनके अध्यक्ष कार्यकाल में जिला हॉकी संघ की टीम ने ख्याति प्राप्त टूर्नामेंट में भाग लेकर अनेक उपलब्धि प्राप्त की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने एवं उपस्थित लोगो मे जिला हॉकी संघ के सचिव शिव नारायण धकेता, नीलम जैन,भुषण सॉव, वरिष्ठ हॉकी खिलाडी कुतबुद्धीन सोलंकी, रमेश डाकलिया,नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर),छोटेलाल रामटेके, महबूब कुरेशी,अनिल यादव, भागवत यादव, अशोक नागवंशी, चंदन भारद्वाज, सुश्री ऑशा थॉमस,गणेश प्रसाद शर्मा,अब्दुल कादि र,महेन्द्र सिंह ठाकुर, विरेन्द्र सिंह भाटिया,ज्ञानचंद जैन,कुमार स्वामी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल,अनुराज श्रीवास्तव,अजय झा,प्रकाश शर्म,अशोक यादव राजू रंगारी,किशोर धीवर, योगेश द्विवेदी, शब्बीर सोलंकी, शकिल अहमद,मुकेश जायसवाल, सचिन खोबरागड़े,सहित अन्य पदाधिकारी एवं हॉकी खिलाडी उपास्थित थे।




## निधन

**हिरूलाल सिन्हा**



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम राका के वरिष्ठ नागरिक गांव के सियाना श्री हिरूलाल सिन्हा जी का आज सुबह आकस्मिक स्वर्गवास हो गया लगभग 82 वर्ष के थे उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में परिजनों ग्रामवासियो की उपस्थिति में किया गया वे अपने पिछे पुत्र रामाधार सिन्हा,नोहर सिन्हा दो पुत्री एवं भरा-पूरा परिवार छोड़ गए वे डाक्टर पवन सिन्हा के दादा, एवं सिन्हा समाज डोंगरगांव मिडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा के नाना जी थे।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल व नीरज फाउण्डेशन स्कूल का वार्षिक खेल उत्सव सम्पन्न



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक ब्रांच एवं नीरज फाउण्डेशन स्कूल द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी, में दिनांक 1 दिसम्बर को क्लास 1 से 8 तक, एवं 2 दिसम्बर को प्री-प्रायमरी नर्सरी से केजी-2 के बच्चों ने अपना-अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा शपथ लिया गया एवं मार्च पास्ट आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा साथ ही मार्शल टार्च पश्चात् विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम दिवस जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र ठाकुर एवं रणविजय प्रताप सिंह रहे, एवं द्वितीय दिवस में राजनांगांव के प्रतिष्ठित सी.ए. राजेश बाफना थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रगवलित कर किया गया। इसके पश्चात् बच्चों द्वारा शपथ ली गई। तद्उपरांत बच्चों द्वारा मनमोहक मार्च पास्ट किया गया। उक्त अवसर पर सभी मुख्य अथियों ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी जी को संस्कारित शिक्षा सहित बच्चों में राष्ट्रप्रेम एवं खेल गतिविधियों सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उनके योगदान हेतु बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। तत्पश्चात् संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी हिस्सा लेना आवश्यक है। जीतना या हारना खेल में मायने नहीं रखता है बल्कि खेल प्रतियोगिता में भाग लेना और खुद को खेल भावना द्वारा साबित करना महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समुहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गई। साथ ही साथ पालकों को भी इस खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया।

## छुरिया में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

### मुख्य अतिथि भोजवानी साहू ने दूसरा इनाम 20 हजार और 11 हेलमेट फ्री में दिया

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी क्रिकेट प्रेमियों के मनोरंजन के लिए टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन छुरिया क्रिकेट क्लब एवं नगर वासियों के सहयोग से 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक हाई स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि भोजवानी ऑनलाइन सीएससी सेंटर के संचालक भोजवानी साहू ,अध्यक्षता गोल्डी कुरैशी ,विशिष्ट अतिथि चुम्मन साहू और शकील कुरैशी के कर कमल से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि भोजवानी साहू ने सड़क सुरक्षा एवं युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 11 खिलाड़ियों को फ्री में हेलमेट का वितरण किया गया तथा सभी युवाओं को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि किसी भी खेल खेलने से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है आयोजक मंडल के गोल्डी कुरेशी ,बिट्ठू मांडवी, पिंटू यादव और मुजम्मिल खान ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला इनाम 40 हजार है जो विशेष सहयोग से ,दूसरा इनाम 20हजार भोजवानी साहू मुख्य अतिथि के सहयोग से दिया जा रहा है। आयोजको ने बताया कि इस बार शीतकालीन छुट्टी के पहले टूर्नामेंट किया जा रहा है क्योंकि आगामी समय में चुनाव होना है और आचार संहिता भी लग जाएगा जिसके चलते शोर गुल और लाउडस्पीकर प्रतिबंधित हो जाएगा जिसके कारण शीतकालीन के पहले यह आयोजन किया गया।अभी भी स्कूल को ध्यान में रखते हुए बहुत ही कम साउंड में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किया जा रहा है ।सभी आयोजकों ने मुख्य अतिथि भोजवानी साहू को जिन्होंने दूसरा इनाम 20 हजार रुपए दिए है और 11 खिलाड़ियों के लिए 11 हेलमेट फ्री में दिया है जिसके लिए आयोजको ने उनका आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



## जनसम्पर्क विभाग के लिपिक देवेन्द्र यादव एवं सफाई कर्मी बिंदा बाई को सेवानिवृत्त होने पर निगम में दी गई बिदाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम के जनसम्पर्क एवं स्वास्थ्य विभाग मे कार्यरत कर्मचारी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निगम सभागृह में आयोजित बिदाई समारोह में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके सहित उनके परिजनों की उपस्थिति में बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थितजनो ने जनसम्पर्क विभाग में लिपिक के पद मे कार्यरत श्री देवेन्द्र यादव एवं स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत श्रीमती बिंदा महेश सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया। बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज निगम परिवार के दो सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे है। लम्बे समय तक कार्य करने से परिवार की तरह जुडाव हो जाता है, जिसके कारण सेवानिवृत्त होने पर तकलीफ तो होती है पर शासन नियमों के तहत सेवा मुक्त होना पडता है।



लेकिन आप इस निगम परिवार के सदस्य है, इसलिये आप हमसे अलग नहीं है और भावनात्मक रूप से जुडे है। जब भी किसी भी परिस्थिति में ऐसा लगता है कि हमारी जरूरत है तो आप निसंकोच सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि आप लोगों से स्वत्वों का जल्द से जल्द भुगतान किया जायेगा, इस संबंध में शासन स्तर भी प्रयास किया जा रहा है। सेवा मे रहते तो आर्थिक चिंता नहीं रहती पर सेवानिवृत्त उपरांत थोडी कठिनाईया आती है। उन्होंने पेंशन आदि के प्रकरणों का जल्द निराकरण करने आश्वस्त किया। उन्होने कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में आप लोगों ने अपने दायित्वों का बखुबी निर्वाहन किया है, इसी प्रकार अब अपने परिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करे। मै आप लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के पश्चात आज सेवानिवृत्त हो रहे है, इस बेला में दुख तो होता है, लेकिन शासकीय प्रक्रिया का पालन करना होता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आप लोगो ने अपने दायित्वों का निर्वाहन किया उसी प्रकार आगे भी आपका मार्ग दर्शन मिलता रहे, यही आप लोगों से अपेक्षा है। मैं आपके आगे के भविष्य की मंगल कामना करता हूॅ। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि कई वर्षो का सफर तय कर आज सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय सबसे महत्वपूर्ण विभाग होता है, यहॉ काम करना बहुत कठिन है, जो हर व्यक्ति के बस की बात नहीं है, उस संस्था में आप लोगो ने काम को बहुत अच्छे से निभाया है।

## निधन

**हिम्मत भाई रतिलाल भाई भोजाणी**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोहाणा समाज के प्रतिष्ठित श्री हिम्मत भाई रतिलाल भाई भोजाणी उम्र 73 वर्ष का आज सुबह आकस्मिक देवलोक गमन हो गया है, इनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1.30 बजे सन सिटी स्थित निवास क्रं.- 24 से मुक्तिधाम के लिए निकालीगई। वे अपने पीछे भराभूरा परिवार छोड़ गए।



## धर्म समाचार....

# कब कोई जातक होता है मांगलिक और कैसे पाएं मंगल दोष से निजात?

धार्मिक मत है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की पूजा करने से साधक के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। इसके साथ ही हनुमान जी की कृपा से सभी बिगड़े काम बन जाते हैं। इसके अलावा कुंडली में मंगल ग्रह भी स्ट्रांग होता है। सनातन धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। इस दिन हनुमान जी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए हनुमान जी के निमित्त मंगलवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से हनुमान जी की विशेष कृपा साधक पर बरसती है। साथ ही कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत होता है। कुंडली में मंगल मजबूत होने से जातक ऊर्जावान रहता है। साथ ही जातक आत्मबल से लबरेज रहता है। वहीं, कुंडली में मंगल कमजोर होने पर जातक शक्तिहीन महसूस करता है। इसके साथ ही जातक का किसी कार्य में मन नहीं लगता है। कुंडली में मंगल मजबूत करने के लिए हर मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें। वहीं, रोजाना सूर्य देव को जल का अर्घ्य देने के बाद पूजा के समय हनुमान




चालीसा का पाठ करना चाहिए। लेकिन क्या आपको पता है कि कब कोई जातक मंगल दोष से पीड़ित हो जाता है और कैसे मंगल दोष से कैसे निजात पाएं? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**मंगल दोष क्या होता है-** ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली के प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम और द्वादश भाव में मंगल रहने पर जातक मांगलिक कहलाता है। हालांकि, कई अवसर पर मंगल दोष का परिहार भी हो जाता है। इसके लिए मंगल का विचार बारीकी से करना चाहिए। इसके लिए योग्य ज्योतिष की सलाह लेना उत्तम रहता है। मांगलिक जातक की शादी में देर होती है। कई अवसर पर शादी के बाद वैवाहिक जीवन में परेशानी आती है। इसके लिए मंगल दोष का निवारण अनिवार्य है। अगर कोई जातक आंशिक मांगलिक है, तो सामान्य उपाय कर मंगल दोष से निजात मिल सकती है। मंगल दोष से निजात पाने के लिए ये उपाय करें।

**मंगल दोष के उपाय-** अगर आप मंगल दोष से पीड़ित हैं, तो हर मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें। हनुमान जी की पूजा करने से मंगल दोष का प्रभाव समाप्त होता है। हालांकि, प्रबल मांगलिक होने पर ज्योतिष से अवश्य सलाह लें। प्रबल मांगलिक के लिए निवारण अनिवार्य है। अनदेखी करने से विवाह में देर होती है। वहीं, विवाह के बाद वैवाहिक जीवन भी कष्टमय भरा रहता है। मंगल दोष से निजात पाने के लिए मंगलवार के दिन लाल रंग की चीजों का दान करें। आप मसूर की दाल, मूंगफली, लाल रंग के कपड़े, गुड़, शहद, लाल मिर्च आदि चीजों का दान कर सकते हैं। इन चीजों के दान से मंगल का प्रभाव कम होता है। मंगलवार के दिन व्रत रखने से भी मंगल दोष का प्रभाव कम या क्षीण होता है। इसके लिए मंगलवार का व्रत रख सकते हैं। इस दिन हनुमान जी की पूजा करें। साथ ही सात बार हनुमान चालीसा का पाठ करें।

## कब है दिसंबर महीने का पहला प्रदोष व्रत? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग

शिव पुराण में वर्णित है कि प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही घर में सुख समृद्धि एवं शांति आती है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। प्रदोष व्रत पर विशेष उपाय भी किए जाते हैं। हर माह कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। इसके साथ ही मनचाहा वर पाने के लिए भगवान शिव संग मां पार्वती के निमित्त प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। अत: साधक भक्ति भाव से शिव-शक्ति की पूजा-उपासना करते हैं। आइए, शुभ मुहूर्त एवं शुभ योग जानते हैं-प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त - वैदिक पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 12 दिसंबर को देर रात 10 बजकर 26 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 13 दिसंबर को शाम 07 बजकर 40 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। इस प्रकार 13 दिसंबर को मार्गशीर्ष मास का अंतिम प्रदोष व्रत मनाया जायेगा। इस दिन प्रदोष काल संध्याकाल 05 बजकर 26 मिनट से लेकर शाम 07 बजकर 40 मिनट तक है। शुक्रवार के दिन पड़ने के चलते यह शुक्र प्रदोष व्रत कहलाएगा। साधक अपनी सुविधा के अनुसार समय पर शिव शक्ति की पूजा उपासना कर सकते हैं। शुभ योग - ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के अंतिम प्रदोष व्रत पर दुर्लभ शिव और सिद्ध योग का संयोग बन रहा हैं। इस दिन शिव योग 11 बजकर 54 मिनट तक है। इसके बाद सिद्ध योग का निर्माण हो रहा है। साथ ही रवि योग का भी निर्माण हो रहा है। इसके अलावा, कौलव, तैतिल और गर करण के भी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा उपासना करने से साधक को सभी संकटों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही शुभ कार्यों में सफलता मिलेगी।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ के सबसे उपयोगी संस्थानों में से एक सीआरसी सेंटर - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

## सीआरसी सेंटर में दिव्यांगजन के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के हो रहे कार्य,दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का किया गया वितरण











**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में स्थित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि ग्राम ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी प्रदेश स्तरीय एकमात्र केन्द्र है, जो दिव्यांगजन के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। यह छत्तीसगढ़ के सबसे उपयोगी संस्थानों में से एक है, जहां दिव्यांगजनों के लिए प्रशिक्षण, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी एवं अन्य दिव्यांगजनों के लिए अन्य गतिविधियां तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 35 करोड़ रूपए की लागत से तैयार इस संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए छात्रावास की सुविधा भी है। संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, डिग्री, वोकेशनल कोर्स सहित अन्य कोर्स का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने का दिन है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की और सभी समूह दलों को स्वेच्छा अनुदान मद से 11-11 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने, दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ रखने एवं सम्मान देने के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिसमें अस्थिबधिर बच्चों के लिए ट्रायसाईकिल दौड़, बैसाखी दौड़ व खुर्सी दौड़, श्रवण बधिर बच्चों के लिए लंबी कूद, गोला फेक, 100 मीटर दौड़ एवं खुर्सी दौड़, दृष्टि बधिर बच्चों के लिए 25 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता में लगभग 380 दिव्यांग बच्चे शामिल होंगे।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सीआरसी प्रदेश का एक उत्कृष्ट संस्थान है। इस संस्थान के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान में शिक्षण, प्रशिक्षण, उपकरण सहित अन्य सुविधाओं का लाभ दिव्यांगजन ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में लगभग 1579 दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। केन्द्र व राज्य सरकार प्रयासों से दिव्यांग बच्चों की बेहतर सुविधा के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल सहित अन्य गतिविधियों में शामिल हो रहें हैं। कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों, बीआरपी को सम्मानित किया गया।



### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न संस्थाओं के दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पारंपरिक लोकनृत्यों का सराहनीय प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आस्था संस्था के छात्र-छात्राओं ने पौराणिक कथा पर आधारित रक्तबीज संहार की आकर्षक प्रस्तुति दी, वही अभिलाषा के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला गीत पर आधारित सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, बस्तरीया नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके अलावा सीआरसी एवं समग्र शिक्षा समेकित केन्द्र के विद्यार्थियों तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इन संस्थानों के छात्रों द्वारा दी गई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों की आकर्षक एवं सुंदर प्रस्तुति बड़े-बड़े सामान्य विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भी प्रस्तुत नहीं की जाती। उन्होंने इन छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

### दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री वितरण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर 1 लाख 80 हजार रूपए की लागत से 4 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल, 90 हजार रूपए की लागत से 8 श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र, 16 हजार रूपए की लागत से 2 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 3500 रूपए की लागत से 7 दिव्यांगजनों को लिफ्ट बेल्ट, 699 रूपए की लागत से 1 दिव्यांग को वाकर, 11 हजार 330 रूपए की लागत से 15 दिव्यांगजनों को नी ब्रेस, 6 हजार 144 रूपए की लागत से 8 दिव्यांजनों को ट्रिपाड, 500 रूपए की लागत से 2 दिव्यांगजनों को सर्विकल प्रदान किया गया।

# फरहदमें श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य कार्यक्रम आयोजित

**कथावाचक पं0 ? भगवती प्रसाद तिवारी को सुनने लोगों की उमड़ेगी भीड़**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निकटस्थ ग्राम फरहद में 6 दिसंबर से लेकर 14 दिसंबर तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ग्राम फरहद के गंजीर ? निवास में 6 दिसंबर से प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाले इस श्रीमद भागवत महापुराण कथा के आयोजन कर्ता श्रीमती सुमन साहू व उनके परिजन सहित समस्त ग्रामवासी हैं। स्व. श्रीमती कचरा बाई साहू स्व. में यज्ञ श्री दयाराम साहू की स्मृति में श्री राम जानकी विवाहोत्सव, गीता जयंती एवं मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के कथावाचक पं0 भगवती प्रसाद तिवारी ( रानीतराई) है जिसे सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। आयोजन कर्ता साहू परिवार द्वारा अखिल बम्हाण्ड नायक भागवान श्री कृष्णचंद जी की असीम अनुकंपा से श्री कृष्ण जी की साक्षात विग्रहस्वरूप श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम का लाभ लेने के लिए सभी श्रद्धालुओं को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# मंदिर से प्रतिमा की चोरी, क्षेत्रवासियो में हड़कंप



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** हनुमान जी के मंदीर से हनुमान जी की व शंकर भगवान जी के मंदीर से गणेश जी की प्रतिमा चोरी हो जाने के कारण क्षेत्रवासियो में हड़कंप मच गया है. ग्राम वासियो में इसको लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि विकासखंड डोंगरगढ़ के मुख्यालय से लगभग 05 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत चिद्दो पहुँच मार्ग के नाले के पास स्थित हनुमान जी का मंदीर व शंकर भगवान का मंदीर स्थापित है और इस मंदीर से हनुमान जी की प्रतिमा, गणेश जी की प्रतिमा अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है. इसकी जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रवासियो में हड़कंप मच गया. शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुँचकर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है. अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रतिमा चोरी व धार्मिक भावनाओ को आहत करने के मामले में बीएनएस की गंभीर धारा 303(2), 229 कायम कर अज्ञात आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है. थाना प्रभारी श्री वर्मा ने बताया कि इस मार्ग पर कई स्थानों में सीसीटीवी लगा हुआ है जिसका फुटेज जाँच की जा रही है शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जायेगी. उक्त घटना 01 दिसम्बर व 02 दिसम्बर 2024 के रात का बताया जा रहा है. प्रार्थी दीपक कुमार साहू निवासी ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ की शिकायत पर अपराध पंजीबुद्ध कर मामले की जाँच तेज कर दी गई है।

# चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के लिए कालेज मैदान में हुआ भूमिपूजन

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्र जागरण अभियान के अंतर्गत चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के आयोजन के लिए रविवार को कालेज मैदान अंबागढ चैकी में रविवार को भूमीपूजन किया गया। नगर में गायत्री महायज्ञ 12 से 15 दिसंबर तक आयोजित है। चार दिवसीय महायज्ञ एवं पावन कथा को सफल बनाने वनांचल के गायत्री परिजन तथा धर्म अनुरागी जुटे हुए है। नगर में 18 वर्ष के बाद चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 12 से 15 दिसंबर तक नगर के चैकी चिल्हाटी मुख्य मार्ग में कालेज मैदान में आयोजित है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में रविवार को गायत्री परिजन एवं वनांचल भर से जुटे धर्म अनुरागियो की गरिमामयी उपस्थिती में महायज्ञ एवं पावन कथा के लिए भूमीपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं वनांचल वासियो द्वारा आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के लिए रविवार को कालेज मैदान में गायत्री परिजन व नगर के धर्मअनुरागियो की उपस्थिती में भूमीपूजन का षुभारंभ मां गायत्री के पूजन अर्चन के साथ सम्पन्न हुआ। इसके बाद 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा के लिए कथास्थल में लेआउट के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारिया शुरू कर दी गई। गायत्री परिवार द्वारा बताया गया की 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 18 वर्श बाद हो रहा है। इससे पूर्व 2006 में यह आयोजन ग्रीन हिल पार्क क्रिकेट मैदान में हुआ था। इतने लंबे अंतराल के बाद हो रहे इस धार्मिक अनुश्ठान व आयोजन को लेकर नगर ही नही संपूर्ण जिले के धर्मप्रेमियो में उत्साह की लहर है। भूमीपूजन समारोह में आज गायत्री परिजन के अलावा नगर के जनप्रतिनिधी जयप्रकाष सिन्हा, रामाधार यादव, रामनरेष देवांगन, गैंदलाल साहू , पी.के.देवागन, राजन मोर्य, चमारराय साहू, दयाराम मंडावी, मानिकराम साहू, षीला सोनी, अहिल्या साहू, भूपेन्द्र हिरवानी, आषाराम साहू, लक्ष्मीकांत हिरवनी, गंगासागर, सुरेन्द्र गुप्ता, डोमन यादव, तुकेष पटेल, गुलाब देवागन, पवन गुप्ता, निर्मला वर्मा, चंदा साहू, सुधा श्रीवास्तव, अनिल मानिकपुरी, राजेष सिंगी, ओंकारनाथ वर्मा, दामोदर षर्मा, हमेलाल साहू किषोर यादव, संतोश खंडेलवाल, राजेन्द्र कुमार, अहिल्या बाई, दिनेष ताम्रकार, तिलक यादव, बचनेष त्रिपाठी, बच्चूलाल देवांगन, सी.आर.देवांगन, सुखनंदन यादव, के.आर.निर्मल, गुरूषरण साहू, ओंकार देवांगन, कुंजलता हरमुख, हरीर्कीतन निशाद, सूकालूराम साहू , कन्हैयालाल कौषिक, रीना देवागन, रेखा वेनचुरकर, सुनीति यादव, कौषल्या यादव, सहित बडी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।



# विकलांग दिवस मनाया गया

## आदमी विकलांग शरीर से नहीं मन से होता है- सुनील वर्मा



**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव श्री हेमंत रात्रे के नेतृत्व में तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष /न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छुईखदान श्री ईशान व्यास के मार्गदर्शन में पीएलवी श्री सनील कुमार द्वारा ग्राम धोधा में अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया गया जिसमें उपस्थित लोगों को बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस समाज और विकास के हर स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में विकलांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के बारे में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर हर साल इस दिन को मनाता है और विकलांग लोगों के अधिकारों को सुरक्षित करने के महत्व को मजबूत करता है। यह सब इसलिए है ताकि वे दूसरों के साथ समाज में पूरी तरह से, समान रूप से और प्रभावी रूप से भाग ले सकें, और अपने जीवन के सभी पहलुओं में किसी भी बाधा का सामना न करें। आपको बता दें कि वैश्विक आबादी का 16त्न हिस्सा विकलांग व्यक्ति का हैं, फिर भी उन्हें आम तौर पर कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। पी.एल.व्ही श्री सुनील कुमार ने बताया कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित बहुत सारे योजनाओं के बारे में बताया एवं आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 14 दिसंबर 2024 को आयोजन किया जाएगा जिसमें राजीनामा योगय के मामले को आपसी राजीनामा तथा भाईचारा से अपने प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण कर सकते हैं जिसमें ना किसी की जीत और ना किसी के हर होती हैं। किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सालहा लेनी है तो नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 मे फोन करके जानकारी ले सकते हैं ।

# खैरागढ़ कालेज रासेयो शिविर रैली एवं बौद्धिक चर्चा




**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर कुलीकसा में आयोजित हुआ। 30 नवम्बर को बौद्धिक चर्चा में वन मंडलाधिकारी आलोक तिवारी ने छात्र छात्राओं को संघर्षों के माध्यम से सफलता प्राप्त करने कहा। एक दिसम्बर 2024 को अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े अनुभव , समाज सेवा को साझा किए। प्रतियोगी परीक्षाओं में पीएससी परीक्षा तैयारी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। रासेयो जिला संगठक मोनिका दास ने शिविर आयोजन के संबंध में अनुशासन पर जोर दिया। दो दिसम्बर 24 को रासेयो पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जे के वैष्णव ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास का सुलभ सरल प्लेटफार्म बताया , साथ ही डिजिटल युग की उपयोगिता को रेखांकित किया। डोंगरगांव कालेज के डॉ. आशाराम साहु ने हम होंगे कामयाब प्रेरक गीत के माध्यम से युवा शक्ति को जागृत किया। गिरधर सिंह राजपूत ने उत्तम स्वास्थ्य हेतु योग का जीवन में उपयोगिता को विस्तार पूर्वक बताया। संकल्प यदु ने ललित सुरजन जी की कविता के माध्यम से शिक्षित होकर नागरिक विषय पर संबोधित किया। अशोक जंघेल शिक्षक ने मोबाइल के अध्ययन अध्यापन में उपयोगी एवं मोबाइल दुरुपयोग को बताया। प्रो. यशपाल जंघेल कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय शिविर कुलीकसा में किये गये कार्यों , गतिविधियों में सक्रियता से कार्य करने की जानकारी दी। डॉ. उमेद चन्देल ने स्वरचित कविता के माध्यम से पाठ्येतर गतिविधियों में रासेयो के महत्व को बताया। शिविर में टीकेन्द वर्मा,लीना वर्मा, सीमा वर्मा, गौरी यदु, नीतेश साहु, ताम्रध्वज वर्मा, विष्णु यादव प्रदीप वर्मा गिरवर साहु आदि ने रैली के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम संचालन देवेन्द्र पटेल एवं आभार प्रदर्शन प्रो. यशपाल जंघेल ने किया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com